Regarding four-laning of NH 848 and construction of a bridge over Vatrak river near Vatrak Village in Gujarat-Laid

श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया (साबरकांठा) : मैं सरकार का ध्यान गुजरात राज्य में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 848 की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ, जो नडियाद आनंद से प्रारंभ होकर कठलाल, कपडवंज, बायड, धनसुरा, मोडासा होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 48 को शामलाजी से जोड़ता है । लगभग 137 किलोमीटर लंबा यह मार्ग यातायात और व्यापार के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है । हालांकि भारत सरकार द्वारा इसे राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जा चुका है, परंतु यह वर्तमान में राज्य राजमार्ग के रूप में वार्षिकी योजना के अंतर्गत है, जो जुलाई 2026 तक पूर्ण होगी । इस मार्ग पर 33,000 से अधिक पीसीयू (Passenger Car Unit) यातायात का दबाव है, जिससे भारी जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है । मौजूदा 10 मीटर चौड़ाई यातायात प्रवाह के लिए अपर्याप्त साबित हो रही है । अरवल्ली जिले के मोडासा और बायड के बीच भारी वाहनों की अधिकता के कारण प्रशासन को सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाना पड़ा है, जिससे व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को नुकसान हो रहा है । धनसुरा, बायड एवं डेमई जैसे प्रमुख नगरों में बायपास सड़क एवं वायाडक्ट डिज़ाइन ओवरब्रिज की जरूरत है । राज्य सरकार द्वारा धनसुरा में ₹40 करोड़ की लागत से चार लेन सड़क निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है, और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है । वात्रक नदी पर वात्रक गाँव के समीप बना पुल अत्यंत जर्जर स्थिति में है, जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है । इसे नई संरचना के रूप में चौड़ा एवं मजबूत किए जाने की अत्यंत आवश्यकता है । राष्ट्रीय राजमार्ग 848 को फोरलेन किए जाने की आवश्यकता को देखते हुए, इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) तैयार करने एवं आवश्यक सर्वेक्षण कार्य शीघ्र आरंभ करने पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए । बायड, धनसुरा एवं डेमई नगरों में यातायात को सुगम बनाने हेतु बायपास सड़क एवं वायाडक्ट डिज़ाइन ओवरब्रिज की योजना को डीपीआर में सम्मिलित करने की कृपा करें । राज्य सरकार द्वारा इस राजमार्ग के लिए जो वार्षिकी योजना चल रही है, उसके पूर्ण होने से पहले भूमि अधिग्रहण एवं अन्य आवश्यक स्वीकृतियों की प्रक्रिया पूरी हो जाए, इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध है ताकि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा सके । वात्रक नदी पर वात्रक गाँव के समीप स्थित पुल की अत्यंत जर्जर स्थिति को देखते हुए, इसके पुनर्निर्माण एवं चौड़ीकरण पर विशेष ध्यान देने की कृपा करें, जिससे आने-जाने वाले नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके । माननीय मंत्री महोदय से मेरा विनम्र आग्रह है कि इस महत्वपूर्ण परियोजना को शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर इस क्षेत्र के नागरिकों को सुरक्षित, सुगम एवं आधुनिक यातायात सुविधा उपलब्ध कराई जाए ।